-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी अतर्रा द्वारा मिशन शक्ति टीम के साथ थाना अतर्रा क्षेत्र के सरस्वती इण्टर कॉलेज में "शक्ति की पाठशाला" का किया गया आयोजन । बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्रम में आज दिनांक 28.09.2024 को क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में थाना अतर्रा क्षेत्र के सरस्वती इण्टर कॉलेज में **"शक्ति की पाठशाला"** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है । बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।